वार्षिक आकलन – मार्च 2017
कक्षा– 6
विषय – विज्ञान

अधिकतम अंक : 80 समय : 150 मिनट

निर्देश :

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं।

1. मधुमाक्खियाँ एकत्रित मकरन्द का उपयोग .... के रूप में करती हैः– 1
(क) छत्ता बनाने (ख) शहद बनाने
(ग) सुरक्षा (घ) मोम बनाने

2. राम ने पाया कि उस के सहपाठी श्याम के मसूड़ों से खून आता है व उस के शरीर पर चोट लगने पर उसको भरने में सामान्य से अधिक समय लगता है, बताये कि श्याम के शरीर में किस विटामिन की कमी के कारण यह लक्षण उत्पन्न हुए हैः– 1
(क) विटामिन–सी (ख) विटामिन–ए
(ग) विटामिन–बी1 (घ) विटामिन–डी

3. जिन पदार्थों के आर–पार देखा जा सकता है, उन्हें कहते हैः– 1
(क) चमकीला (ख) अपारदर्शी
(ग) पारदर्शी (घ) पारभासी

4. हस्त–चयन प्रक्रिया से सम्बन्धित निम्न कथनों में से कौन–सा कथन सही हैः– 1
(क) डंडियों से अन्न कणों को पृथक करने का प्रक्रम
(ख) किसी मिश्रण के अवयवों को पृथक करने का प्रक्रम
(ग) गेहूँ, चावल तथा दाल से हाथ द्वारा कुछ बड़े मिट्टी के कणों, पत्थरों तथा भूखे को पृथक करने की क्रिया।
(घ) अवसादित मिश्रण को बिना हिलाए जल को मिट्टी सहित उड़ेलने की क्रिया।

5. निम्न चित्र में दर्शाये गये भाग ए को क्या कहते हैं? 1



(क) फलक (ख) पर्णवृंत
(ग) पर्णआधार (घ) मध्यशिरा

6. गर्दन तथा सिर को जोड़ने वाली सन्धि का नाम हैः 1
(क) अचल सन्धि (ख) हिंज सन्धि
(ग) धुराग्र सन्धि (घ) कन्दुक–खल्लिका सन्धि

7. लम्बाई का SI मात्रक क्या होता है? 1
(क) किलोमीटर (ख) मीटर
(ग) सैंटीमीटर (घ) मिलीमीटर

8. घड़ी का पैन्डुलम (लोलक) अपने निश्चित बिन्दु के दाएँ व बाएँ धूम रहा है, यह कौन–सी गति का उदाहरण है:– 1
(क) वर्तुल गति (ख) आवर्ती गति
(ग) अनावर्ती गति (घ) घूर्णन गति

9. निम्नलिखित समूह में मेल न खाने वाला ज्ञात कीजिए:– 1
बृहस्पति, सूर्य, शुक्र, मंगल
(क) बृहस्पति (ख) सूर्य
(ग) शुक्र (घ) मंगल

10. मान लीजिए कि आप अपनी स्कूल यूनिफार्म को वर्षा वाले दिन शीघ्र सुखाना चाहते है, इस कार्य के लिए आप निम्न में से किस विधि का चयन करेगे– 1
(क) बाहर खुले में यूनिफार्म रस्सी पर फैलाकर (ख) यूनिफार्म को अंगीठी या हीटर के पास फैलाकर
(ग) यूनिफार्म को अन्दर कमरे में रस्सी पर फैलाकर (घ) यूनिफार्म को बरामदे में रस्सी पर फैलाकर

11. लोहे का चिमटा .... पदार्थ है, 1
(क) अचुम्बकीय (ख) विद्युत चुम्बकीय
(ग) चुम्बकीय (घ) प्राकृतिक चुम्बकीय

12. विद्युत सेल के कितने टर्मिनल होते हैं? 1
(क) दो (ख) चार
(ग) एक (घ) तीन

13. विद्युत मिस्तरी द्वारा उपयोग किए जाने वाले औजार जैसे–पेचकस और प्लायर्स के हत्थों पर प्रायः .... का आवरण चढ़ा होता है? 1
(क) एल्युमिनियम (ख) चाँदी
(ग) मिश्रधातु (घ) प्लास्टिक या रबड़

14. वायुमंडल में कौन–कौन सी गैस मिलकर वायु का 99% भाग बनाती है? 1
(क) कार्बनडाईआक्साइड़ व आक्सीजन (ख) आक्सीजन व नाइट्रोजन
(ग) नाइट्रोजन व कार्बनडाईआक्साइड (घ) नाइट्रोजन व जलवाष्प

15. निम्नलिखित में से कौन–सी वस्तु दीप्त पिंड है। 1
(क) प्लास्टिक (ख) कागज
(ग) सूर्य (घ) मेज

16. कोई चार पौधों के नाम लिखिए तथा बताइए कि इनके कौन–कौन से भाग का उपयोग खाद्य पदार्थ के रूप में होता है? 2

17. सन्तुलित आहार किसे कहते है? 2

18. कैल्शियम और लोह पोषक तत्त्व की कमी से कौन–2 से विकार/रोग उत्पन्न होते हैं तथा इन रोगों के क्या लक्षण होते है? 2

19. निष्पावन से क्या अभिप्राय है? यह कहाँ उपयोग किया जाता है? 2

20. उत्क्रमित किये जाने वाले तथा उत्क्रमित न किये जाने वाले परिवर्तनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2

21. नीचे दी गई सारणी में कुछ परिवर्तन दिये गये हैं, प्रत्येक परिवर्तन के सामने रिक्त स्थान में लिखिए कि क्या वह परिवर्तन उत्क्रमित किया जा सकता है अथवा नहीं? 2

1. लकड़ी के टुकड़े चीरना ....
2. आइसक्रीम का पिघलना ....
3. खाना पकाना ....
4. दूध का दही में जमना ....

22. मोहन के पास एक लम्बा बाक्स है, वह बाक्स को इधर–उधर करके सूर्य के प्रकाश में पृथ्वी पर उस की छाया बनाता है, बताइये बाक्स की छाया सब से छोटी कब बनती है? 2

23. गर्मियों में रेशमा के घर मेहमान आ जाते है, वह उन्हें पानी पिलाने के लिए रेफ्रिजरेटर से पानी की ठंडी बोतल निकालती हैं और बोतल के चारों ओर जल की छोटी–छोटी बूंदे दिखाई देती है, क्यों? 2

24. यह देखा गया है कि पैन्सिल छीलक (शार्पनर) यद्यपि प्लास्टिक का बना होता है, फिर भी यह चुम्बक के दोनों ध्रुवों से चिपकता है, उस चुम्बकीय पदार्थ का नाम बताइए, जिस का उपयोग इसके किसी भाग को बनाने में किया गया है? 2

25. क्या कचरे का निपटान केवल सरकार का ही उत्तरदायित्व हे? चर्चा कीजिए, 2

26. कॉलम–1 में दिये गये खाद्य पदार्थ का मिलान कॉलम–2 से कीजिएः– 3

कॉलम–1	कॉलम–2
दूध, दही, पनीर, घी	सब्जियाँ हैं
पलक, फूलगोभी, गाजर, भिंडी	दूसरे जन्तुओं को खाते हैं।
शेर व बाघ	सभी जन्तु उत्पाद हैं।

27. तंतुओं से तागा निर्मित करने की प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण कीजिए। 3

28. नीचे कुछ वस्तुओं तथा पदार्थों के नाम दिये गये हैः– 3

जल, बास्केटबाल, संतरा, चीनी, ग्लोब, सेब तथा मिट्टी का घड़ा इनको इस प्रकार समूहित कीजिएः–

क. गोल आकृति तथा अन्य आकृतियाँ

ख. खाद्य तथा अखाद्य

29. दिये गए कथनों को पढ़कर सत्य/असत्य में वर्गीकृत कीजिए। 3

क. दूध और जल के मिश्रण को निष्यदंन द्वारा पृथक किया जा सकता है।

ख. नमक तथा चीनी के मिश्रण को निष्पावन द्वारा पृथक कर सकते है।

ग. चाय की पत्तियों को चाय से पृथक्करण निस्यदंन द्वारा किया जा सकता है।

30. नाव एवं मछली के उदाहरण की सहायता से धारा रेखीय आकृति का वर्णन कीजिए तथा यह आकृति इन को तैरने में किस प्रकार सहायता करती है? 3

31. किसी स्वेटर बुनने की सलाई की लम्बाई मापते समय स्केल पर यदि इस के सिरे का पाठयांक 3.0 सैंटीमीटर तथा दूसरे सिरे का पाठ्यांक 33.1 सैंटीमीटर है तो सलाई की लम्बाई कितनी है? 3

32. पारदर्शी, अपारदशी तथा पारभासी किसे कहते हैं? प्रत्येक के दो–2 उदाहरण दीजिए। 3

33. दिए चित्र अनुसार जब हम चाबी के स्थान पर निम्न वस्तुओं का उपयोग करते है तो किन–किन वस्तुओं के कारण बल्ब जलता है और क्यो? 3

क. रबड़ ख. कांच की चूड़ी

म. ग. स्केल प्लास्टिक का घ. सेफ्टी पिन

34. आप यह कैसे सिद्ध करेगें कि वायु ज्वलन में सहायक होती है। 3

35. प्लास्टिक के कचरे के निपटान के लिए हमें क्या करना चाहिए? 3

36. सजीवों के विशिष्ट लक्षण सूचीबद्ध कीजिए। 5

37. निम्न के चित्र बनाकर उन के विभिन्न भागों को नामांकित कीजिए। 5

(क) पत्ती ख. मूसला जड़ ग. पुष्प

38. क. छड़ चुम्बक पर ध्रुवों की पहचान का कोई चिन्ह नहीं है, आप कैसे ज्ञात करेगें कि किस सिरे के समीप उतरी ध्रुव स्थित है?

ख. आप को एक लोहें की पत्ती दी गई है, आप इसे चुम्बक कैसे बनायेगें। 5